## अंतर्दृष्टि

### ओड़िशा के माननीय मुख्यमंत्री ने मो परिवहन सेवा और नेक्स्टजेन एम परिवहन ऐप का लॉन्च किया

ओड़िशा के माननीय मुख्यमंत्री ने 23 अगस्त, 2023 को परिवहन पोर्टल के तहत एक ब्रांड नाम 'मो परिवहन सेवा' के रूप में फेसलेस सेवाओं और नेक्स्ट जेन एम परिवहन ऐप की तीस सेवाओं को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया। सुशासन सुनिश्चित करने और नागरिकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के लिए सशक्त बनाने के हेतु , ओड़िशा सरकार ने नागरिकों को कुछ ऑनलाइन सेवाएँ समर्पित की। कोई भी व्यक्ति जो राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवा पोर्टल https://parivahan.gov.in या Next Gen M परिवहन ऐप के विभिन्न प्रकार सेवा का लाभ उठाना चाहता है उसे कई स्तर पर आधार प्रमाणीकरण के साथ जाना आवश्यक है ।

जिनके पास आधार नंबर नहीं है, वे सीएमवीआर,(CMVR) 1989 के अनुसार संबंधित आरटीओ प्राधिकरण को भौतिक रूप से एक वैकल्पिक पहचान पत्र दस्तावेज़ जमा करके भौतिक रूप में ऐसी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।
परिवहन पोर्टल में निम्नलिखित सेवाएँ जोड़ी गई हैं, जिनसे नागरिक उचित आधार प्रमाणीकरण द्वारा सेवा प्राप्त कर सकते हैं।

**रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (RC) सेवा**
- डुप्लीकेट आरसी जारी करना
- एनओसी (NOC)जारी करना
- स्वामित्व का हस्तांतरण

**ड्राइविंग लाईसेंस (DL) सेवा**
- लर्नर लाइसेंस जारी करना
- डुप्लीकेट डीएल जारी करना
- डीएल (DL)का नवीनीकरण
- डीएल में पता बदलना




इसी तरह नागरिकों अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए तथा सभी उपलब्ध सुविधाओं तक पहुँचने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग (MoRTH) मंत्रालय एनआईसी (NIC) के साथ मिलकर तकनीकी सहायता लेते हुए "नेक्स्टजेन एमपरिवहन" next Gen M parivan के नाम से एक सुपर ऐप विकसित किया है जो परिवहन संबंधी सेवा- सुविधाएँ, कार्यक्षमताएँ और संबंधित उपयोगिताएँ, सभी को इस एकल प्लैटफ़ॉर्म पर समाहित करता है।

### जल आपूर्ति में ई-गवर्नेंस की सर्वोत्तम प्रक्रिया का अध्ययन करने के लिए गुवाहाटी जल बोर्ड टीम का ओड़िशा दौरा

23-26 अगस्त, 2023 के दौरान, गुवाहाटी जल बोर्ड के विविध क्षेत्रों के अधिकारियों की पांच सदस्यीय टीम ने राज्य सरकार द्वारा अपनाई जा रही जल आपूर्ति में ई-गवर्नेंस की सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में जानने के लिए ओड़िशा का दौरा किया ।



टीम को विभिन्न ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों पर प्रदर्शन प्रदान किया गया, जिसमें आईवीआरएस सक्षम शिकायत दर्ज कराने और निवारण प्रणाली और एंड्रॉइड मोबाइल ऐप आधारित "जलजंत्री" शामिल है - जो शिकायतों के प्रबंधन के लिए जल आपूर्ति इंजीनियरों के लिए एक उपकरण है। टीम ने पुरी शहर का दौरा किया और वाटको(WATCO) डिवीजन, पुरी में वास्तविक समय जल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली, शिकायत और निवारण प्रणाली और IoT सक्षम 24X7 पेयजल आपूर्ति प्रणालियों का अवलोकन किया। टीम ने प्रक्रिया प्रवाह और अपनाए गए तंत्र, क्षेत्र में विभिन्न मुद्दों, वर्तमान ई-गवर्नेंस प्रणालियों में चुनौतियों और समाधानों पर बातचीत की।

### भूमि सम्मान पुरस्कार 2023 - ओड़िशा सरकार एनआईसी के योगदान और प्रतिबद्धता को दृढ़ता से स्वीकार करती है।

डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए ओड़िशा को देश के सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में भूमि सम्मान पुरस्कार, 2023 से सम्मानित किया गया । 10 अगस्त, 2023 को, लोक सेवा भवन कन्वेंशन सेंटर, भुवनेश्वर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां ओड़िशा के माननीय मुख्यमंत्री, श्री नवीन पटनायक ने लैंड रिकॉर्ड्स को कंप्यूटरीकृत करने में उत्कृष्ट कार्य के लिए 19 जिलों की टीम को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

स्वागत भाषण देते हुए श्री सत्यव्रत साहू, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस पुरस्कार को प्राप्त करने में एनआईसी (NIC) के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने राजस्व प्रशासन और जिलों को पुरस्कार के लिए बधाई दी और कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक अन्य सभी जिलों के भूमि रिकॉर्ड का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण पूरा कर लिया जाएगा।

श्री ज्योति प्रकाश दास, आईएएस, महानिरीक्षक पंजीकरण (आईजीआर) ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए इस उपलब्धि के लिए एनआईसी के योगदान की भी सराहना की।







श्री सत्यव्रत साहू, आईएएस
स्पेशल रिलीफ़ कमिश्नर एवं अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग,
ओड़िशा सरकार

"ओड़िशा सरकार एनआईसी (NIC) के योगदान और प्रतिबद्धता को दृढ़ता से स्वीकार करती है जो नागरिकों को उनके दरवाजे पर राजस्व सेवाएं प्रदान करने के मामले में हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक रही है। भूमि अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण, कैडस्ट्रल मानचित्रों का डिजिटलीकरण, आरओआर (अधिकारों के रिकॉर्ड) के पाठ्य और स्थानिक डेटा को जोड़ने, तहसीलों के आधुनिक रिकॉर्ड रूम का कम्प्यूटरीकरण, राजस्व कार्यालयों को एसआरओ (उप-रजिस्ट्रार कार्यालयों) के साथ जोड़ने में एनआईसी से काफी मदद मिली है।

भूलेख, भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली (एलआरएमएस), भू नक्शा, दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली, राजस्व न्यायालय मामले की निगरानी प्रणाली (आरसीसीएमएस), भू-अर्जन (एलएआरआरएमएस) राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ई-पाउति और विभिन्न ई-गवर्नेंस पहलों के कार्यान्वयन में एनआईसी (NIC) का बहुत योगदान रहा है। । एनआईसी से उत्कृष्ट कार्य जारी रखने की उम्मीद करते हुए मैं आपकी टीम के सभी सदस्यों को बधाई और धन्यवाद देता हूं और उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करता हूं।

## एनआईसी (NIC) इंस्पायरर्स

### एनआईसी, ओड़िशा में इंस्पायर व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

एनआईसी ओड़िशा - इंस्पायर व्याख्यान श्रृंखला' ओडिशा राज्य केंद्र, भुवनेश्वर द्वारा एक ऐसा अनोखा पहल है जो हमारे रचनात्मकता को बढ़ाने, चीजों और लोगों के प्रति एक नया दृष्टिकोण प्रदान करने और सबसे बढ़कर सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा अधिकारियों को अपने जीवन के हर पहलू को प्रेरित करता है।

9 अगस्त, 2023 को इस 'ओड़िशा एनआईसी-इंस्पायर लेक्चर सीरीज'को पुनः एनआईसी राज्य केंद्र , भुवनेश्वर में ओड़िशा के मुख्य आयकर आयुक्त, आईआरएस, श्री कृष्ण किशोर जस्टि द्वारा दिए गए इंस्पायर व्याख्यान से शुरू किया गया । श्री जस्टि ने अपने संबोधन में स्वयं के जीवन के कुछ घटनाओं का हवाला देते हुए बताया कि कैसे एक औसत दर्जे का छात्र सभी प्रकार की चुनौतियों का दृढ़ संकल्प और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सामना करते हुए उत्कृष्ट बन सकता है।
उन्होंने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के बतौर निजी सचिव, अपने कार्य काल में स्पाइस जेट एयरलाइंस का पुनरुद्धार, हुड-हुड चक्रवाती तूफ़ान से विशाखापत्तनम हवाई अड्डे को पहुंची भारी क्षति तथा केवल एक सप्ताह के रिकॉर्ड समय में उड़ान सेवाओं की बहाली आदि जैसे नेतृत्व और प्रतिबद्धता के कुछ केस स्टडीज प्रस्तुत किया।

उन्होंने 2015 से 2019 के बीच आंध्र प्रदेश आर्थिक विकास बोर्ड के सीईओ (CEO) के रूप में किआ मोटर्स (KIA Moters) फॉक्सकॉन(Foxconn) गेम्सा(Gamesa) एशिया पल्प एंड पेपर (Asia Paper & pulp) आदि सहित आंध्र प्रदेश राज्य में कई हजार करोड़ रुपये का निवेश उत्पन्न करने में मिली सफलता पर अपना कार्य अनुभव भी साझा किया। विभिन्न अवधियों के दौरान केंद्रीय शहरी विकास मंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी(OSD), केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी(OSD) केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री के निजी सचिव (PS) आदि के रूप में उनकी भूमिका और उपलब्धियां काफी प्रारणदायी रहा है। अधिकारियों के जिज्ञासु प्रश्नों को संबोधित करते हुए, उन्होंने "टूवार्ड्स एन अर्बन रिवोल्यूशन" “TOWARDS AN URRBAN REVOLUTION” नामक अपनी पुस्तक के बारे में चर्चा की। इसके साथ साथ जीवन में सफल होने के लिए अपने कुछ व्यक्तिगत आध्यात्मिक अनुभवों को भी साझा किया।



### नगर राजभाषाकार्यान्वयन समिति (नराकास) की बैठक में एनआईसी (NIC) के दो अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

11 अगस्त, 2023 को आईएमएमटी (IMMT) कार्यालय में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 73 वीं बैठक IMMT के नेदेशक डॉ रामानुज नारायणकी अध्यक्षता में बुलाई गई थी। इस बैठक में अध्यक्ष कार्यालय समेत सभी सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधिगण शामिल हुए।बैठक में सदस्य कार्यालयों से प्राप्त छमाही राजभाषा प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान आगे राजभाषा के प्रचार-प्रसार को बेहतर बनाने के लिए प्राप्त हुए सुझाव पर गंभीरता से चर्चा की गई । बैठक में अध्यक्ष श्री रामानुज नारायण ने अपने सम्बोधन में कहा कि अब समय आ गया है कि, हमें हिन्दी भाषा को प्रशासन से आगे, ज्ञान–विज्ञान, तकनीकी और सूचना–प्रौद्योगिकी से जोड़ना है और तभी राजभाषा को हम उचित स्थान दिला सकते हैं। नराकास (TOLIC) की इस बैठक में 'नागरिक' पत्रिका 5 वां अंक का विमोचन हुआ, और पत्रिका के सभी रचनाकारों को शील्ड तथा मान-पत्र से सम्मानित किया गया। इस पत्रिका में हमारे कार्यालय के दो अधिकारियों को अपनी कविता छापने का सौभाग्य मिला तथा इसके लिए इन दो अधिकारियों ( श्रीमती स्वर्णप्रभा पंडा तथा श्रीमती संयुक्ता प्रधान ) को भी सम्मानित किया गया जो एनआईसी (NIC) के लिए गर्व का विषय है।

पूरा लेख पढ़ने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें



## एनआईसी (NIC) ओड़िशा में राष्ट्रीय खेल सप्ताह, 2023- समारोह

भारत की गहरी खेल परंपरा तथा देश के खेल दिग्गज, जो अंतराष्ट्रीय मंच पर खेल के लिए अपना योगदान , समर्पण और नाम रोशन किए हैं, केस्मरण में 29 अगस्त को हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। 25 अगस्त से 29 अगस्त 2023 तक NEARS (एनईआरएस), ओड़िशा एवं सीएसआईआर-आईएमएमटी(CSIR-IMMT) भुवनेश्वर के सहयोग से खेल सप्ताह मनाया गया । इस कार्यक्रम का उद्घाटन 25 अगस्त, 2023 को सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति में एनआईसी (NIC) एवं आईएमएमटी (IMMT)के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मंगल दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, तत्पश्चात विभिन्न खेल गतिविधियां शुरू की गईं।

इस खेल सप्ताह के दौरान उत्साहपूर्ण खेल देखने को मिला। एनआईसी और आईएमएमटी कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुए खेल के लिए अच्छा बंदोवस्त किया गया था। सभी कार्यक्रमों को सुनियोजित तरीके से तैयार किया गया था। दोनों संगठनों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने इस खेल सप्ताह के दौरान विभिन्न खेल जैसे शतरंज,कैरम,बैडमिंटन,टेबल टेनिस, क्रिकेट और पैदल चलना, म्यूजिक चेयर आदि में भाग लिया। 29 अगस्त को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। विजेताओं को ट्रॉफी, पदक, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को भी भागीदारी प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।










## एनआईसी पैनोरमा

### राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह-2023



देश में प्रतिवर्ष 3 से 7 अगस्त के दौरान राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह का उद्देश्य भारतीय कारीगरों और हथकरघा बुनाई समुदाय के प्रयासों को स्वीकार करना और उनकी सराहना करना है। एनआईसी, ओड़िशा ने बुनकरों का विकास और सशक्तिकरण के समर्थन में इस सप्ताह को मनाया।

### ओड़िशा विधान सभा का दौरा

15 अगस्त, 2023 को ओड़िशा विधान सभा (ओएलए) परिसर में माननीय मुख्यमंत्री ने 32 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ का अनावरण किया । स्तंभ की लंबाई 30 फीट और चौड़ाई 20 फीट है। ओएलए (OLA) दौरे पर गए एनआईसी (NIC) के अधिकारियों ने ओएलए (OLA) में कार्यान्वित किए जा रहे विभिन्न आईसीटी समाधानों पर कार्यवाहक अध्यक्ष माननीय श्री रजनीकांत सिंह के साथ बातचीत की। ओएलए के सचिव श्री दाशरथी सतपथी ने एनआईसी (NIC)टीम को ओएलए (OLA) परिसर में राष्ट्रीय ध्वज, महात्मा गांधी की मूर्ति और भगवान जगन्नाथ के रथों के पहियों को श्रद्धा अर्पण करने की अगुवाई की।

